दिनांक : 18.08.2022

# सीवीपीपीपीएल में 76वें स्वतंत्रता दिवस 2022 समारोह का आयोजन

चिनाब वैली पावर प्रोजेक्ट्स [पी] लिमिटेड (सीवीपीपीपीएल) में 15 अगस्त, 2022 को 76वां स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया गया। श्री हसन नदीम, प्रबंध निदेशक महोदय ने सीवीपीपीएल निगम मुख्यालय, जम्मू में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उन्होंने कर्मचारियों और उनके परिवारों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई दी और स्वतंत्रता प्राप्त करने में स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रबंध निदेशक महोदय ने अपने संबोधन में कहा कि पकल दुल जलविद्युत परियोजना (1000 मेगावाट) और किरू जलविद्युत परियोजना (624 मेगावाट) के सभी कार्य प्रगति पर है। दिनांक 24.04.2022 को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा कवार जल विद्युत परियोजना (540 मेगावाट) की आधारशीला रखी गई | कवार जल विद्युत परियोजना का सिविल कार्य अवार्ड कर दिया गया है और परियोजना के साइट पर कार्य भी प्रारंभ कर दिया गया है | इस अवसर पर श्री नदीम ने कहा कि किरथाई-II जल विद्युत परियोजना (930 मेगावाट) के विस्तृत इंवेस्टिगेशन का कार्य प्रगति पर है |

उन्होने यह भी कहा कि ये सभी परियोजनाएँ भारत सरकार और जम्मू व कश्मीर सरकार की मेगा परियोजनाएँ हैं | इन सभी परियोजनाओं के पूर्ण होने से जम्मू व कश्मीर संघ शासित प्रदेश में बिजली की कमी को दूर किया जा सकेगा जिससे जम्मू व कश्मीर संघ शासित प्रदेश और देश के विकास को और अधिक गति मिलेगी | इससे जम्मू व कश्मीर संघ शासित प्रदेश में औद्योगिक विकास होगा तथा स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे तथा साथ में यह भी कहा कि कार्मिकों के सच्ची लगन और कड़ी मेहनत, समर्पण से इन सभी परियोजनाओं को पूर्ण किया जा सकेगा |

निगम मुख्यालय, जम्मू में पदस्थापित सभी कार्मिकों ने स्वतंत्रता दिवस समारोह में उत्साहपूर्वक भाग लिया | स्वतंत्रता दिवस 2022 समारोह पकल दुल, किरु और कवार जल विद्युत परियोजना मे भी मनाया गया |

## निगम मुख्यालय, जम्मू में 76वें स्वतंत्रता दिवस 2022 समारोह के आयोजन की झलकियाँ




INDIA


INDIA










Chenab Valley
Power Projects
CVPP
Chenab Valley
Power Projects [P] Ltd
Happy Independence
Day 2022
76वें
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक
बधाई


CVPP
Chenab Valley
Power Projects [P] Ltd
Happy Independence Day 2022
76वें
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक
बधाई




CVPP
Happy Independence Day 2022
76वें
स्वतंत्रता दिवस


Independence Day


JAL SHAKTI BHAVAN
हर घर तिरंगा
Har Ghar Tiranga

## पकल दुल जल विद्युत  परियोजना, किश्तवाड़ में 76वें स्वतंत्रता दिवस 2022 समारोह के आयोजन की झलकियाँ




INDEPENDENCE DAY
15.08.2022 10:20



**<u>किरु जल विद्युत  परियोजना, किश्तवाड़ में 76वें स्वतंत्रता दिवस 2022 समारोह के आयोजन की झलकियाँ</u>**







कवार जल विद्युत परियोजना, किश्तवाड़ में 76वें स्वतंत्रता दिवस 2022 समारोह के आयोजन की झलकियाँ




ENERGY SAVED IS ENERGY PRODUCED